





# चेकिंग अभियान में 15 वाहनों से वसूला गया 19,200 का चालान

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 फरवरी, मऊगंज जिले के पथरिया पन्नी क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है.**

पुलिस अधीक्षक मऊगंज के निर्देश पर यातायात प्रभारी द्वारा ब्लैक स्पॉट पन्नी पथरिया में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान रॉन्ग साइड से वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई. यातायात प्रभारी ने बताया कि पथरिया पन्नी क्षेत्र को दुर्घटनाओं की दृष्टि से ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है. यहां आए दिन लापरवाही से वाहन चलाने और रॉन्ग साइड से आवागमन के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है. इसी को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान रॉन्ग साइड से आ रहे कुल 15 वाहनों को रोका गया और उनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई.

इन सभी वाहनों से कुल 19,200 रुपये का समन शुल्क वसूला गया. यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि कोई भी चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी. साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, सही दिशा में वाहन चलाएं और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें.

# सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक एकता को मजबूत करना है : पाण्डेय

## मेंढुली धाम मैया मिसिरगमा में आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन, मानस पाठ के बाद बांटा गया भंडारे का प्रसाद

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 3 फरवरी, सनातन संस्कृति, सनातन धर्म, एवं सामाजिक एकता के जागरण हेतु हनुमना जनपद के मंडल मिसिरगमा गांव में आस्था के केंद्र मेंढुली धाम मैया मंदिर में हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम सनातन प्रेमी हिंदुओं द्वारा आयोजित किया गया.**

जहां सुबह पूजा पाठ के बाद संगीतमय अखंड श्री रामचरितमानस गायन का कार्यक्रम से शुरू हुआ जो शुक्रवार को श्री रामचरितमानस के विश्राम, पूजन ,हवन, आरती, प्रसाद, विशाल भंडारे के बाद विराट हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम होने के बाद समापन हुआ. जहां



पर भारी संख्या में सभी वर्ग के हिंदू भाई महिलाएं बच्चों ने भाग लिया, कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर धूप दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया, तत्पश्चात वहां उपस्थित मुख्य वक्ता एवं अतीथि रमाकांत शर्मा रीवा सेवानिवृत शिक्षक एवं महाकौशल प्रांत के कुटुंब प्रबंधन टोली के सदस्य मुख्य वक्ता रहे. वही कार्यक्रम के मुख्य संयोजक मिसिरगमा गांव के ही सेवानिवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ पांडे, एवं मातृशक्ति से सेवानिवृत प्राचार्य श्रीमती उमा द्विवेदी रहीं. कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की पूजा अर्चना धूप दीप से प्रारंभ हुआ. तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत तिलक बंदन से किया गया एवं बच्चियों ने संगीतमय युगल गीत राम आएंगे, देश मेरा रंगीला रंगीला नृत्य प्रस्तुत किया गया. वहीं पर भजन गायक अनूप गुप्ता द्वारा स्वरचित भजन प्रस्तुत किया गया. मुख्य वक्ता रमाकांत शर्मा रीवा द्वारा जहां हिंदू समाज के गौरवशाली इतिहास एवं पंच परिवर्तन विषय को लेकर अपने विचार व्यक्त किये. वही सेवा निवृत प्राचार्य श्रीमती उमा द्विवेदी ने श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों से घर परिवार एवं समाज में किस तरह अपने दायित्व का निर्वहन करना है, बहुत ही सुंदर तरीके से अपने विचार व्यक्त किये, वहीं कार्यक्रम के संयोजक जगन्नाथ पांडे ने सामाजिक सामाजिक समरसता पर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि हम सब हिंदू एक हैं सिर्फ व्यवस्था के लिए वर्ण व्यवस्था की गई थी हमें अलग-अलग दायित्व सौपा गया था. परंतु कुछ मानवादी ताकते हम हिंदुओं को उल्टा पुल्टा वरगला कर तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे हम सबको सतर्क रहना है, इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज में नई ऊर्जा और चेतना का संचार करना, सनातन संस्कृति धर्म को जन-जन तक पहुंचाना, तथा सामाजिक एकता को मजबूत करना है. सम्मेलन में सेवानिवृत प्रोफेसर एवं संघ कार्यकर्ता रवी द्विवेदी, रामाधार द्विवेदी जिला कार्यवाह मऊगंज, अनूप गुप्ता सरपंच आनंद मिश्रा, ओमप्रकाश तिवारी मंडल कार्यवाह मंडल मिसिरगमा, राजेश्वरी प्रसाद मिश्रा पाती, महेंद्र तिवारी गुड्डू, पुष्पराज द्विवेदी, रमेशद्विवेदी, मनमोहन पटेल जिला शारीरिक प्रमुख, लक्ष्मी शंकर तिवारी मौजूद रहे.

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन 7 से

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 फरवरी, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है.**

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक होगा. किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं. कलेक्टर संजय कुमार जैनने बताया कि मऊगंज जिले में गेंहू उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों में किसान गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं. सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें. पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी. स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है. किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं.



# कलेक्टर ने 28 आवेदकों की सुनी समस्यायें

## संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 फरवरी, मऊगंज में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने 28 आवेदकों की समस्यायें सुनी तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये.**

इन्द्रजीत पटेल निवासी नंदनपुर के सीमांकन के आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को तथा मोहम्मद हुसैन निवासी वार्ड नंबर 11 हनुमना के शासकीय भूमि की बिक्री को रोकने के आवेदन पर एसडीएम हनुमना को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये. जनसुनवाई में रामनारायण पाण्डेय निवासी फरहदा के पट्टे की भूमि पर बलपूर्वक निर्माण करने के आवेदन को तहसीलदार को नायब तहसीलदार सीतापुर एवं तीरथ प्रसाद निवासी तेंदुआ के इत्तलावी के आवेदन को तहसीलदार नईगढ़ी, पटेहरा निवासी सुरेश सोनी के इत्तलावी के आवेदन पर तहसीलदार हनुमना को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया. इसी प्रकार दुर्गा स्वसहायता समूह हर्दीतिवरियान द्वारा उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए प्रस्तुत आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को नियमानुसार कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया.

जनसुनवाई में पिंकी विश्वकर्मा निवासी पकरा के राशन कार्ड बनाने के आवेदन को खाद्य विभाग तथा साधना साकेत निवासी डिहिया के दिव्यांग पेंशन के आवेदन को सीईओ जनपद नईगढ़ी को प्रेषित किया.

# भक्ति करने वाला ही धनवान : घनश्यामाचार्य

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 फरवरी, लालगांव पनगड़ी में भूपनरायण शुक्ल के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सभी भक्तों को मज्जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज ने पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई.**

जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया. महाराज ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से



सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है. परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती स्वामी घनश्यामाचार्य ने बताया की पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं. इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें. गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दी- 'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं. 'अच्छा खोल मुख' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया. श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है. आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल जल तेज अर्थात प्रकृति महतत्त्व अहंकार देवगण इन्द्रियां मन बुद्धि त्रिगुण जीव, काल कर्म प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे.

# मऊगंज में जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 फरवरी, रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन 7 फरवरी से 7 मार्च तक किया जायेगा.**

पंजीयन एवं उपार्जन के दौरान प्राप्त समस्याओं के निराकरण एवं पर्वेक्षण के लिए कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित की है. समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे तथा सदस्य सचिव जिला आपूर्ति अधिकारी को बनाया गया है.

समिति में जिला अग्रणी प्रबंधक, उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला सूचना अधिकारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी, जिला मुख्यालय के एमपी डब्ल्यूसीएल शाखा प्रबंधक, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम शामिल किया गया है.

# सांदीपनि विद्यालय में कैरियर मेले में छात्रों को दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 3 फरवरी, शास. सांदीपनि उच्च. माध्य. विद्या. आर आर द्विवेदी गौरी विकासखंड हनुमना में कक्षा 9 से 12 के छात्राओं के लिए पांच दिवसीय करियर मेले का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर संदीप कुमार पटेल के मार्गदर्शन में विद्यालय किया गया.**

छात्रों के रुचि के अनुसार विद्यालय के नोडल शिक्षक चंदन साकेत एवं संतोष सिंह द्वारा अनेक क्षेत्रों में उपलब्ध संभावित नौकरियों के कार्ड दिखाए गए. मेले के दूसरे दिन प्राचार्य शास. आईटीआई कॉलेज मऊगंज द्वारा आईटीआई के विभिन्न ट्रेनों और उनसे जुड़े करियर के संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई तीसरे दिन ऑनलाइन वेबीनार के माध्यम से छात्रों में तनाव प्रबंधन समय प्रबंधन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसरों के



बारे में छात्रों को जानकारी दी गई. मेले के चौथे दिन वेबीनार के माध्यम से ही छात्रों को स्कॉलरशिप द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश से संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त हुआ साथ ही राजकुमार तिवारी द्वारा तकनीकी, प्रशासनिक एवं मेडिकल क्षेत्रों में प्रवेश के लिए छात्रों को सहज एवं सरल तरीके से मार्गदर्शन दिया गया. करियर मेला सप्ताह के अंत में कक्षा 10 एवं 12 के छात्रों यूट्यूब के माध्यम से लाइव ऑनलाइन सत्र से जोड़ा गया उसके बाद विद्यालय के विभिन्न विषय से संबंधित शिक्षकों के द्वारा छात्रों रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई.

राजकुमार तिवारी तथा राजकुमार मिश्रा के द्वारा समय प्रबंधन तथा तनाव प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई. उसके बाद प्राचार्य डॉक्टर संदीप कुमार पटेल के द्वारा आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई.

# पीडब्ल्यूडी पुल निर्माण में खुला खेल, गुणवत्ता से खिलवाड़

## घटिया सामग्री से बन रहा पुल, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, पत्थर डालकर ढलाई, मजबूती पर बड़ा सवाल

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 3 फरवरी । लोक निर्माण विभाग द्वारा चितरंगी विकासखंड के करौंदिया-कोलडीहा सड़क मार्ग पर नदवनिया करौंदिया लहासी नाला में निर्माणाधीन पुल-पुलिया इन दिनों चर्चाओं में आ गया है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए घटिया सामग्री के उपयोग और नियमों की खुली अनदेखी का आरोप लगाया है। मौके पर ग्रामीणों का आक्रोश साफ दिखाई दे रहा है।**

ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण में मानक के अनुरूप सीमेंट, सरिया और कंक्रीट का प्रयोग



नहीं किया जा रहा। आरोप है कि ढलाई के दौरान बड़े-बड़े पत्थर डालकर खानापूर्ति की गई, जिससे पुल-पुलिया की मजबूती और आयु पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि क्या इसी तरह से सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह निर्माण कार्य पूरी तरह से लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से गुणवत्ता के साथ समझौता किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर अभी जांच नहीं हुई तो यह पुल भविष्य में कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माणाधीन पुल-पुलिया की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए। यदि जांच में अनियमितता और घटिया निर्माण की पुष्टि होती है, तो संबंधित ठेकेदार के साथ-साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी शिकायतों को अनदेखा किया गया तो वे मामले को उच्च स्तर तक ले जाएंगे और आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे

## तकनीकी समिति गठित

मऊगंज, 3 फरवरी, रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन 7 फरवरी से 7 मार्च तक किया जायेगा. पंजीयन एवं उपार्जन के दौरान प्राप्त समस्याओं के निराकरण एवं पर्वेक्षण के लिए कलेक्टर द्वारा तकनीकी समिति का गठन किया गया है. समिति में जिला सूचना अधिकारी, जिला प्रबंधक लोक सेवा, जिला ई गवर्नेंस प्रबंधक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अनमोल जैन, कम्प्यूटर आपरेटर विशाल तिवारी एवं सचिन श्रीवास्तव को शामिल किया गया.

# 13 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व विधायक के नेतृत्व में तहसील प्रांगण में धरना देकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 फरवरी, मऊगंज विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील हनुमना में धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को राज्यपाल के नाम 13 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौपा गया.**





यह धरना प्रदर्शन पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुखेन्द्र सिंह बन्ना एवं जिलाध्यक्ष हरिलाल आदिवासी के नेतृत्व में किया गया. क्षेत्र की जनता के साथ ब्लाक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित क्षेत्रीय जनता भारी संख्या में धरना प्रदर्शन में शामिल हुई. पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह के नेतृत्व में लोग तहसील प्रांगण पहुंचे. जहा विभिन्न मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया. मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने, अवैध वसूली, बढ़ते अपराध, बिजली की समस्या, अवैध नशे का कारोबार एवं सभी विभागो में चल रहे भ्रष्टाचार, आवारा पशु, एसआईआर सर्वे के दौरान नाम काटे जाने वृद्धा पेंशन दिलाए जाने गरीबी रेखा में नाम जोड़ने सहित 13 सूत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन रहा. एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौप कर कार्यवाही की मांग की गई. धरना प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना ने कहा कि चारो तरफ भ्रष्टाचार का आलम है, किसानो को खाद नही मिल रही, गरीबो की पेंशन बंद कर दी गई है. जंगल राज चल रहा है. श्री सिंह ने कहा कि अगर समस्याओं का निराकरण नही किया गया तो उग्र आंदोलन के लिये मजबूर होना पड़ेगा. पेयजल सप्लाई से लेकर क्षेत्र में बढ़ते अपराध और अवैध नशे के कारोबार पर भी सवाल उठाया. धरना प्रदर्शन में गोविंद नारायण तिवारी, उमाकांत पाण्डेय, शिवलाल साकेत, गिरिजा गुप्ता, आशुतोष तिवारी, दिनकर मिश्रा, बसंत लाल, वीरेन्द्र मिश्रा, रोहित पटेल, आशीष तिवारी, शेख मुख्तार सिद्दीकी, भरतलाल सोनी, निलेश केशरी, राम दरस कुशवाहा सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय जन मौजूद थे.

# त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने क्षेत्रीय जनता की सुनी समस्याएं

नवभारत न्यूज

**त्योंथर, 3 फरवरी, विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने आज विश्राम त्योंथर में जनता की समस्याओं को सुना. उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदाता सूची के शुद्धिकरण अभियान के कारण विधायक एवं क्षेत्रीय प्रशासन की व्यस्तता इस महत्वपूर्ण संवैधानिक कार्य में अधिक थी,**

जिस वजह से नियमित जनसुनवाई अस्थायी रूप से स्थगित थी. अभियान के पूर्ण होते ही विधायक ने पुन: जनता के बीच पहुँचकर उनकी समस्याओं के समाधान का सिलसिला शुरू कर दिया है.विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने राजस्व विभाग,विद्युत विभाग, पेय जल ,प्रधानमंत्री आवास समेत स्थानीय



सड़कों की समस्याओं को सुनकर समाधान के निर्देश दिए और कई समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से हमारी नियमित मुलाकात में जो अंतराल आया, वह एक बहुत ही महत्वपूर्ण संवैधानिक जिम्मेदारी मतदाता सूची के शुद्धिकरण (एस आई आर) की वजह से था. लोकतंत्र में एक भी पात्र मतदाता का नाम न छूटे और कोई त्रुटि न रहे, यह सुनिश्चित करना हम सभी का दायित्व था. इसी प्रक्रियात्मक व्यस्तता के कारण प्रशासन और मैं स्वयं इस कार्य में जुटे थे ताकि भविष्य में आपके मताधिकार के प्रयोग में कोई बाधा न आए. आज मैं फिर से आपके सामने उपस्थित हूँ. मेरा मानना है कि राजनीति केवल चुनाव लड़ने के लिए नहीं, बल्कि आपके हक की लड़ाई लड़ने के लिए है. 'वोटर लिस्ट' का काम हो या 'विकाश की लिस्ट' का, आपकी हर मांग मेरी प्राथमिकता है. मैंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो भी आवेदन आज प्राप्त हुए हैं, उन पर त्वरित कार्रवाई की जाए. निर्वाचनयू प्रक्रिया की वजह से जो कार्य लंबित हुए थे, उन्हें अब 'फास्ट ट्रैक' मोड पर पूरा किया जाएगा. त्योंथर का सर्वांगीण विकास और प्रत्येक गरीब के घर तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य है. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव केयू नेतृत्व में हमारी सरकार 'अंत्योदय' और सुशासन के प्रति संकल्पित है. उनका का स्पष्ट निर्देश है कि जनता को अपनी जायज समस्याओं के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, बल्कि सरकार स्वयं उनके द्वार तक पहुंचे. आज की यह जनसुनवाई मुख्यमंत्री के उसी विजन का हिस्सा है.

मैंने अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया है कि जनसुनवाई में आए हर आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए. जनसुनवाई म एसडीएम पी एस त्रिपाठी, जनपद सीईओ प्रवीण बसोर, तहसीलदार राजेंद्र शुक्ल डीई आशीष बेन, नगर सीएमओ अजय पांडेय मौजूद थे.